04 वीर बाल दिवस पर साहिबजादों को किया याद, शौर्य गाथा...



07 नल न आने से नागरिकों में मची भगदड़, पानी के ...






## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2750 | 3800 |
| गेहूं 1544 | 2250 | 2917 |
| चना | 5000 | 6470 |
| मसूर | 5100 | 5797 |
| सोयाबीन | 3000 | 4700 |
| सरसों | 4700 | 5870 |
| धान | 2200 | 4040 |
| तुअर | 5000 | 5000 |
| मूंग | 5700 | 5700 |
| तेवड़ा | 3908 | 3908 |
| धनिया | 5600 | 5600 |

## कृषि उपज मंडी में हंगामा: अब नीलामी के दौरान पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे

# धान की उपज के सही दाम नहीं मिलने से नाराज किसानों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

धान के सही दाम नहीं मिलने से नाराज किसानों ने मंगलवार को एक बार फिर से कृषि उपज मंडी में हंगामा कर दिया। गुस्साए किसान मंडी के बाहर सड़क पर बैठ गए, जिससे ट्रैफिक जाम हो गया। इधर व्यापारियों ने धान की खरीदी अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दी है। मंडी सचिव ने भी मंडी में आगामी सूचना तक धान की नीलामी बंद रहने का प्रेस नोट जारी कर दिया है।

किसानों ने मंगलवार की सुबह व्यापारियों पर धान की नीलामी में कम राशि की बोली लगाने का आरोप लगाते हुए मंडी के बाहर जमकर नारेबाजी की। हाईवे पर किसानों ने ट्रैक्टर ट्रॉली अड़ाकर चक्काजाम कर दिया। जिससे वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई। करीब से 2 घंटे तक हंगामा चलता रहा। किसानों का आरोप था कि विदिशा कृषि उपज मंडी में उनकी उपज का सही दाम नहीं मिल रहा है। व्यापारी अपनी मनमर्जी चला रहे हैं। किसानों का कहना था कि धान की फसल के जो दाम दूसरी मंडियों में मिल रहे हैं वह दाम विदिशा कृषि उपज मंडी में हमें नहीं मिल रहे। हमें हमारी फसल का उचित दाम मिले यही चाहते हैं। हंगामे की जानकारी लगते ही पुलिस प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। मंडी सचिव कमल बगवैया का कहना है कि निर्यात बंद होने के चलते सभी व्यापारियों के पास स्टॉक मौजूद है। जिसकी वजह से वह खरीदी में ज्यादा रुचि नहीं ले रहे हैं। यही वजह है कि दाम कम हो गए हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया की मंडी में नीलामी और खरीदी कार्य में मंडी सिर्फ व्यवस्थाएं जुटा कर देती है। किसान अपनी फसल बेचता है और व्यापारी फसल खरीदता है। अनाज तिलहन संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी का कहना है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर से धान के भावों में उतार चढ़ाव होता है। व्यापारियों का कोई नियंत्रण नहीं रहता है।


विदिशा। मंडी के बाहर किसानों ने ट्रैक्टर ट्रॉली खड़ी कर जमकर नारेबाजी की। जिससे सड़क पर जाम लग गया।

- मार्कर पेन से दाम लिखे जाएंगे, ताकि गफलत न हो।

## सहरिया बाहुल्य 262 गांव में बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति की जाएगी: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

पीएम जन मन मिशन के तहत जिले में सहरिया बाहुल्य 262 गांव में बुनियादी आवश्यताओं की पूर्ति कराई जाएगी। मिशन के तहत प्राप्त दिशा निर्देशों के संबंध में मंगलवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में कार्यों की विभागवार कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

पीएम जन मन मिशन के क्रियान्वयन के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग की जिला संयोजक पारूल जैन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि सर्वे कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। जिले की लटेरी छोड़कर शेष अन्य विकासखंडों में सहरिया आबादी की बस्तियां हैं। जिसमें विदिशा में 45, ग्यारसपुर में 34, नटेरन में 25, बासौदा में 80, कुरवाई में 61 व सिरोंज में 17 है।

इन 262 गांव में कुल 27 हजार सहरिया आबादी निवासरत है। जिसमें पुरूष 14222 व महिला 12778 शामिल हैं। जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने कहा कि आदिम जाति कल्याण विभाग के माध्यम से कार्ययोजना बनाई गई हैं। संबंधित विभागों के जिला व खंड स्तरीय अधिकारी भी उल्लेखित क्षेत्रों का भ्रमण अवश्य करें ताकि विभागीय सर्वे हो सकें ताकि कोई भी कार्य छूट न पाए।

### यह सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी

बैठक में बताया गया कि सहरिया बाहुल्य बस्तियों में इन वर्ग के रहवासियों को पक्के मकान, संपर्क हेतु सड़क मार्ग, स्वास्थ्य हेतु चिकित्सा इकाई, अध्यापन कार्य हेतु छात्रावास, विद्युतीकरण, जलापूर्ति, आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण, नेटवर्क, व्यवसायिक शिक्षा, कौशल के अलावा पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, आयुष्मान कार्ड, केसीसी, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम तहत स्किल सेल मिशन, राष्ट्रीय क्षय मूल्यांकन कार्यक्रम के अलावा आदिवासी उत्पादकों का विपणन और आदिवासी कारीगर मेला के लिए स्थलों का चयन इत्यादि का क्रियान्वयन किया जाना है।

## खबर संक्षेप

### अभ्यर्थियों के व्यय का लेखा परीक्षण 28 को

**विदिशा।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले की सभी पांचो विधानसभाओं के अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन व्यय का समिति के सदस्यों द्वारा अंतिम परीक्षण 28 दिसम्बर को किया जाएगा। संबंधित रिटर्निंग आफीसर अपने.अपने विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थियों को समुचित व्यय दस्तावेजों के साथ समिति के समक्ष स्वंय या प्रतिनिधियों के माध्यम से उपस्थित होने की सूचना देकर पावती जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

### जनसुनवाई में 55 आवेदन आए, 27 हल



**विदिशा।** कलेक्टर उमाशंकर भार्गव के मार्गदर्शन में आयोजित प्रति मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम में आवेदकों की व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। मंगलवार को 55 आवेदकों के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपनी समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया गया है। संयुक्त कलेक्टर एवं जनसुनवाई कार्यक्रम की नोडल अधिकारी विष्णु प्रसाद यादव ने बताया कि आज संपन्न हुई जनसुनवाई कार्यक्रम में कुल 55 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें से मौके पर 27 आवेदनों का निराकरण किया गया है। शेष लंबित आवेदनों पर समय सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों को दिए गए हैं।

## अवैध खनन कर निकाली जा रही मिट्टी से ठेकेदार भरवा रहा सड़क के शोल्डर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ग्यारसपुर

ग्यारसपुर तहसील के मानोरा से धोखेड़ा के बीच लगभग 10 किलोमीटर की सड़क के कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। ठेकेदार द्वारा बिना परमिशन कोपरा का उत्खनन किया गया है। वहीं सड़क के शोल्डर भरने में मजबूत मटेरियल की जगह मिट्टी का खुलेआम उपयोग कर रहा है। सड़क की मरम्मत का कार्य ठेकेदार अभयराम साहू के द्वारा किया गया है। सड़क की मरम्मत के बाद सड़क के दोनों तरफ शोल्डर भरे जाने हैं।

शोल्डर भरने के लिए ठेकेदार ने खनिज विभाग की बिना परमिशन के ही एक किसान की जमीन से कोपरा का उत्खनन किया। शोल्डर भरते समय मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। जबकि शोल्डर भरते समय मिट्टी का उपयोग नहीं किया जाता। पीली मिट्टी या लाल मुरम या बारीक कोपरे से शोल्डर भरे जाने चाहिए। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। मौके पर शोल्डर भरते समय पीडब्ल्यूडी का कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं रहता। ठेकेदार की मनमर्जी के चलते गुणवत्ताहीन शोल्डर भरे जा रहे हैं। वहीं अवैध रूप से कोपरा का उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। जिससे हजारों रुपए का राजस्व का सरकार को चूना लगाया जा रहा है। तहसीलदार को सूचना मिलते ही आरआई सुशील चौरे और पटवारी को भेजकर काम रुकवा दिया गया है। मौके से जेसीबी एवं मिनी ट्रक और ट्रैक्टर को जब्त कर लिया था, लेकिन बाद में ट्रैक्टर ट्राली और जेसीबी मशीन सहित मिनी ट्रक को छोड़ दिया गया। इस संबंध में जब तहसीलदार सौरव मालवीय से बात की गई तो उन्होंने बताया है कि मैं बात कर बताता हूं। अवैध रूप से जेसीबी द्वारा किए जा रहे खनन एवं परिवहन करने वाले ठेकेदार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कार्रवाई न करने के चलते ठेकेदारों के हौसले बुलंद हैं।

### भाजपा युवा मोर्चा ने रक्तदान कर मनाया सुशासन दिवस

**विदिशा।** भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को भाजपा सुशासन दिवस के रूप में मना रहीं है। मंगलवार को विदिशा के भाजपा के युवा मोर्चा ने जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं सहित कई रक्तदान करने वाले लोगों ने शिरकत की। विधायक मुकेश टंडन भी ब्लड बैंक पहुंचे जहां उन्होंने रक्तदाताओं की हौसला अफजाई की। इस दौरान मुकेश टंडन ने कहा कि भाजपा के पितृ पुरुष अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अटल जी एक राष्ट्रीय नेता, प्रखर राजनीतिज्ञ, निस्स्वार्थ सामाजिक कार्यकर्ता, सशक्त वक्ता, कवि, साहित्यकार, पत्रकार और बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। भाजपा में एक उदार चेहरे के रूप में उनकी पहचान थी। अटल जी की जयंती के अवसर पर विदिशा में भाजपा युवा मोर्चा की जिला इकाई के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भाजपा के जिला महामंत्री बलबीर सिंह रघुवंशी और युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष देवेश मीणा सहित कई युवा मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया है। युवा मोर्चा की इस पहल से लोगों को जहां नया जीवन मिलेगा, वहीं नौजवानों में सकारात्मक और जन सेवा करने के भाव जागेगा।

## होमगार्ड और एसडीआरएफ ने कार्यशाला में छात्रों को सिखाए आपदा में बचाव के तरीके



हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

जिले में स्कूली बच्चों को आपदा प्रबंधन के गुर सिखाने के लिए होमगार्ड और एसडीआरएफ की ओर से मंगलवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को आपदा में बचाव के गुर सिखाए गए। मंगलवार को होमगार्ड कार्यालय में उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र-छात्राओं को आपदा प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को बाढ़, आगजनी, वाहन दुर्घटना, जहरीले जानवर या अन्य आपदाओं के समय आवश्यक प्रबंधन के गुर समझाए। इसके साथ ही लाइफ जैकेट, लाइफ रिंग, फेश मास्क, स्ट्रेचर के उपयोग के बारे में समझाया। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट महेश हनोतिया ने बताया की उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थियों को अभी से ही विभिन्न जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। ताकि वह आगजनी, बाढ़ बारिश और अन्य प्राकृतिक और मानव जनित समस्याओं के आने पर किस प्रकार से खुद को और दूसरों को सुरक्षित रख सकते हैं। मानव रक्षा के लिए उपयोग में लाई जाने वाली सामग्री के बारे में अवगत कराया गया।

### सीईओ ने एफआईआर दर्ज कराने निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

जिले की पांच ग्राम पंचायतों में मूल्यांकन से अधिक राशि आहरण करने का मामला सामने आया है। उन ग्राम पंचायतों के उपयंत्री, सचिव एवं सरपंच के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश प्रभारी कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने दिये हैं। जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने बताया कि विदिशा जनपद पंचायत की पांच ग्राम पंचायतें बर्रो, सौराई, नीमखेड़ा, छीरखेड़ा, खरी में निर्माण कार्यों के लिए जारी राशि का मूल्यांकन कराया गया है। जिसमें यह ज्ञात हुआ है कि मूल्यांकन से अधिक राशि आहरण की गई है।

### मुखर्जीनगर में सूने घर से जेवरात व नकदी चोरी

**विदिशा।** मंगलवार को दिनदहाड़े चोरों ने सुने आवास को निशाना बनाकर हजारों रुपए और सोने चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। मुखर्जी नगर निवासी सुरेश शर्मा के सूने घर में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। शर्मा का परिवार कुंदन कॉम्लेक्स में गंगाजली पूजन कार्यक्रम में गया था। इसी दौरान चोर घर में घुस गए। बेटे अरुण दुबे ने बताया कि कुछ समय बाद पापा मम्मी को घर छोड़कर चले गए। जब मम्मी ने देखा तो घर का ताला टूटा था। इसी दौरान एक व्यक्ति घर की दीवार कूद कर भाग गया। उन्होंने घर के अंदर देखा तो घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था, अलमारी में रखे 53 हजार नकद और ज्वेलरी चोर चुरा कर ले गया। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और चोरों का सुराग लगाने के लिए कई सैंपल लिए। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों पर मामला दर्ज किया है।




# सीएम हेल्पलाइन के कुल 16429 आवेदन लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

प्रभारी कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने मंगलवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने कहा की सीएम हेल्पलाइन व समाधान ऑनलाइन के साथ-साथ वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण समय सीमा में होना चाहिए। इन कार्य में अब किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि गत दिवस जिले के प्रभारी एसीएस मोहम्मद सुलेमान द्वारा भोपाल में ली गई समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए है कि विदिशा जिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में पिछड़े न इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। वहीं आमजनों के आवेदन लंबित न रहें इसका विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में बताया गया कि सीएम हेल्पलाइन में विभिन्न विभागों के कुल 16429 आवेदन लंबित हैं। वहीं समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में 7658 आवेदन लंबित है।

अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आवेदन किसी भी स्तर के हो उन पर जिला अधिकारियों को ही प्रथम चरण में कार्यवाही करनी है। ऐसे समस्या युक्त आवेदन जो बजट से संबंधित हो अथवा जिनका निराकरण राज्य स्तर पर संभव है ऐसे सभी आवेदनों को राज्य शासन के उचित प्लेटफार्म पर प्रेषित करने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन और समाधान ऑनलाइन दोनों स्तर पर निराकृत होने वाले आवेदनों के आवेदक संतुष्ट हो यही ध्येय होना चाहिए। संतुष्टिपूर्वक से अधिक से अधिक आवेदन निराकृत हो ताकि जिले की ग्रेडिंग सूची में सुधार आ सके। अपर कलेक्टर श्री डामोर ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन के तहत दिसम्बर माह की प्राप्त शिकायतों का निराकरण करने पर हीं साठ प्रतिशत बैटेज के नंबर प्राप्त होंगे। उन्होंने जिला व खंड स्तरीय अधिकारियों को स्पष्ट सचेत करते हुए कहा कि जिला स्तर पर सभी प्रकार के समस्याओं के आंकड़े उपलब्ध है। कोई भी अधिकारी किसी भी प्रकार से मिसगाइड न करें। यदि ऐसे पुर्नवृत्ति होती है तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

जिला पंचायत सीईओ डॉ भरसट ने जिले में जारी विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्धेश्य है कि वंचितों को योजनाओं का लाभ दिलाना है। इसके अलावा स्वास्थ्य परीक्षणों में टीव्ही व स्किल सेल का परीक्षण व आयुष्मान कार्ड बनाने व वितरण के कार्यों का क्रियान्वयन करना है। इस कार्यक्षेत्र में विदिशा जिला पिछड़ते जा रहा है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया है कि केन्द्रीय योजनाओं का लाभ सबको मिले।


विदिशा। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते जिला पंचायत सीईओ।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2450
उच्चतम भाव-3885
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-3072
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2286
उच्चतम भाव-2498
चना
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-5700
मसूर
न्यूनतम भाव-3440
उच्चतम भाव-5900
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-4820
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3560
उच्चतम भाव-4600
सरसों
न्यूनतम भाव-4250
उच्चतम भाव-5210
उड़द
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-7490
धान
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-4305
तुअर
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-5255
ज्वार
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-6799
मक्का
न्यूनतम भाव-1450
उच्चतम भाव-1900
धना
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-6500
मूंग
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-5000

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से बडी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 13617 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### 7 आवेदन आए

**गंजबासौदा।** मंगलवार को आयोजित सामूहिक जनसुनवाई में 7 आवेदन प्राप्त हुए। जिन्हें निराकरण करने हेतु संबंधित विभागों के प्रमुखों को भेजा गया है।

### किसान संघ की जिला बैठक आयोजित

**गंजबासौदा।** भारतीय किसान संघ जिला बैठक गत दिवस हितकारिणी धर्म शाला में आयोजित हुई। जिसमें भारत माता,भगबान बलराम की पूजन अर्चना की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नारायण सिंह रघुवंशी ने की। मुख्य अतिथि प्रांत संगठन मंत्री मनीष शर्मा, प्रांतअध्यक्ष कैलाश ठाकुर, प्रांत से पूरण सिंह यादव ,राजकुमार बघेल , संभाग अध्यक्ष दिनेश दुबे रहे। भगबान सिंह, अशोक, भगबानसिंह, बीरेंद्र पालीबाल एवं जिला कर्यकारिणी एवं तहसील अध्यक्ष, मंत्री, जिले से आए कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में जिला विदिशा से एक लाख सदस्य बनाने के लिये रूपरेखा तैयार की गई।




## दिसंबर माह में ही सूख गई बेतवा नदी

**गंजबासौदा।** इस बार बारिश में बरसात कम होने के कारण इलाके में पानी की कमी दिखाई दे रही है। जिसके चलते नाले तो पहले ही सूख गए थे अब गंजबासौदा की जीवनदायिनी बेतवा नदी भी लगभग कई इलाकों में सूख गई है। जहां लोगों को पूरे समय भरपूर पानी नजर आता था वहां से अब लोग सूखी नदी में से आवागमन कर रहे हैं। इलाके में रबी फसलों की सिंचाई जोरों पर है और इस कारण भी नदियों का पानी कम हो गया है। वहीं भूमिगत जलस्तर भी काफी नीचे चला गया है। जिससे किसान भी चिंतित दिखाई दे रहे हैं। चित्र है बेतवा नदी के ग्राम सिरावदा और बिस्कावली के बीच का, जहां नदी की स्थिति देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि पानी पूरा सूख गया है।

### गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों के शहादत दिवस को वीर बाल दिवस किया है घोषित

# वीर बाल दिवस पर साहिबजादों को किया याद, शौर्य गाथा भी सुनाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा दसवें सिख गुरु गोविंद सिंह के पुत्र साहेबजादे बाबा जोरावर सिंह एवम बाबा फतेह सिंह के शहादत दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया एवम उनका पुण्य स्मरण किया गया।

ज्ञात हो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 26 दिसंबर को साहिबजादों की वीर शहादत के दिवस को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस घोषित किया गया है। जिसके उपलक्ष्य में देश भर में उनके स्मृति कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसके तारतम्य में भाजपा नगर मंडल द्वारा खत्री समाज गुरुद्वारा साहिब सदर बाजार में कार्यक्रम कर उनका पुण्यमरण किया गया। कार्यक्रम में सिख धर्मगुरु ज्ञानी सतेंदर सिंह द्वारा सामूहिक कीर्तन एवम अरदास कर वीर साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं तत्पश्चात शहादत की शौर्य गाथा भी उपस्थित सभी के समक्ष वर्णित की गई। गुरुद्वारा प्रांगण में प्रदर्शनी का अवलोकन भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ राकेश सिंह जादौन द्वारा किया गया एवम इसके बाद भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश तिवारी द्वारा मुख्य उद्बोधन दिया गया एवम नपाध्यक्ष शशि यादव द्वारा आभार व्यक्त किया गया। पंजाबी खत्री समाज की ओर से प्रतिनिधिमंडल संदीप अरोरा, प्रवीण अरोरा, संजय टंडन, रमेश कपूर, ऋषि अरोरा एवम अर्पित अरोरा ने सावरकर चौक पर गुरु गोविंद सिंह द्वार बनाने हेतु मांग पत्र नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव को सौंपा जिसे उन्होंने यथाशीघ्र ही स्वीकृत कर पूर्ण करने सहमति प्रदान की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व नपाध्यक्ष मोहन भावसार, देवेंद्र वर्मा, प्रभात शर्मा, डॉ के के तिवारी, रीता भावसार, चंद्रशेखर दुबे, जितेंद्र मीणा, राजेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष सनी भावसार, राजू रैकवार, प्रवीण जादौन, मनोज अहिरवार, नारायण सोनी, मूलचंद अहिरवार, सरिता जैन, सुमन आचार्य, सरिता रघुवंशी एवं पंजाबी खत्री समाज के गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## कॉलेज चलो अभियान के तहत प्रवेशार्थियों को किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नात्कोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मणि मोहन मेहता के मार्गदर्शन में कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत 12वीं पास विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश के लिए शासकीय उत्कृष्ठ हायर सेकंडरी स्कूल, रतनबाई जैन हायर सेकंडरी स्कूल , नवांकुर विद्यापीठ हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य एवं छात्रों से संपर्क किया गया। स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर सत्र प्रक्रिया के लिए कॉलेज में प्रवेश लेने वाले छात्र, छात्राओं को प्रवेश प्रक्रिया संबधित तथा महाविद्यालय में संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं, नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 नई शिक्षा नई उडान एवं कला वर्ग, बीएससी बायो और गणित, कम्प्यूटर साइंस की जानकारी अभिषेक सिंह, मनीष दुबे द्वारा प्रदान की गई। छात्र, छात्राओं को अवगत कराया गया कि अपने साथियों एवं परिचितों को प्रवेश प्रक्रिया के बारे में अवगत करायें ताकि वे शासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश ले और योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

## अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा स्थापना और अटल मार्ग नामकरण के लिए दिया ज्ञापन



**गंजबासौदा।** सोमवार को कवि हृदय पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में ज्ञान दीप विद्या मंदिर स्कूल में उनको याद करते हुए उनकी ओजस्वी कविताओं का वाचन किया गया एवं एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इसी क्रम में राष्ट्रीय कवि संगम द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, मनोज यादव को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि बरेठ रोड का नाम बदलकर अटल मार्ग रखा जाए एवं नगर में उनकी प्रतिमा स्थापित की जाए। इस मौके पर चंद्र कुमार तारण, आशीष दुबे, नीलेश चतुर्वेदी ,सरिता जैन, मुकेश सेन , विजय अग्रवाल, शुभम रघुवंशी गजेंद्र ठाकुर,मोहन रघुवंशी, श्याम चौरसिया ,शैलेंद्र सक्सेना, मोहित भार्गव, पीयूष योगी, श्याम तिवारी आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।



## बहुप्रतीक्षित अंडरपास से आवागमन शुरू

**गंजबासौदा।** नगर के रेलवे स्टेशन से पूर्व रेलवे कॉलोनी वाले मार्ग पर रेलवे अंडर ब्रिज का काम लगभग पूरा हो चुका है। यह माना जाता है कि इस अंडर ब्रिज को 1 जनवरी 2024 से प्रारंभ कर दिया जाएगा, लेकिन यह ट्रायल के रूप में अभी इसको शुरू कर दिया गया है और वाहनों का आवागमन भी प्रारंभ हो गया है। बहु प्रतीक्षित इस अंडर ब्रिज का काम बहुत ही धीमी गति से हुआ है और लोग दिन-ब-दिन आवाजाही में परेशान होने लगे थे। अब अंडरपास से आवागमन शुरू होने पर वाहन चालकों को ही नहीं, पूर्वी रेलवे कॉलोनी के रहवासियों और रेलवे लाइन के उस पार के निवासियों को भी आवागमन में काफी सुविधा हो रही है।

## किराना व्यापार संघ ने पितृ पुरुष दद्दाजी को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**गंज बासौदा।** नगर के त्यौदा रोड़ स्थित पूज्य सिंधी पंचायत धर्मशाला में किराना व्यापार संघ द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें किराना व्यापार संघ को नगर में स्थापित करने वाले स्वर्गीय बद्री प्रसाद नेमा दद्दा जी को सभी किराना व्यवसायियों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। जिसमें किराना संघ के जेष्ठ संरक्षक सतपाल तनवानी ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दद्दा जी सरल सहज बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने 60 वर्ष पहले किराना व्यापार संघ की नींव रखी थी आज हम सभी उन्हीं के बताए हुए पद चिन्हों का अनुसरण करते हुए बढ रहे हैं। वहीं शांतिप्रकाश ओसवाल ने दद्दा जी के द्वारा व्यापारियों के हित में किए गए आन्दोलन और कार्यों के बारे में विस्तार से बताते हुए उनके निधन को किराना संघ के साथ नगर की अपूर्णीय क्षति बताया। श्रद्धांजलि सभा में दीपक चौरसिया ने कहा कि दद्दा जी व्यापारी नेता के साथ साथ कवि हृदय भी थे। सभा में मोहित समैया,मनोज डागा, सतीश माहेश्वरी, मुकुल जैन, प्रमोद जैन, संघ अध्यक्ष वीरेंद्र जैन रुचीला ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए अपने पितृ पुरुष संरक्षक को पुष्पांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में जमीयत राय,प्रकाश बाधवानी,सुनील तनवानी,नीलेश जैन, आकाश माहेश्वरी,पवन जैन, प्रशांत साहू, संजीव चौरसिया, रोहित जैन, हरिनारायण दुबे, रामसिंह जाट, नवीन नेमा, मुकेश जैन, मनोज जैन, निमित नेमा उपस्थित रहे।

### समिति के रजत जयंती वर्ष की कार्ययोजना की गई तैयार

# रक्त सेवा समिति का पारिवारिक मिलन संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस चौरावर रोड स्थित फजलानी फार्म हाउस पर रक्त सेवा समिति के स्थाई सदस्यों का परिवार सहित मिलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद के संगठन मंत्री राजुल अग्रवाल एवं अतिथि रामेश्वर चौहान रहे। समिति के संरक्षक महेंद्र कुमार जैन ,संस्थापक राजेश तिवारी ,संरक्षक हरि सिंह रघुवंशी विधायक सहित अध्यक्ष राकेश जैन , सचिव अनिल दुबे ,महिला प्रमुख ममता जैन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहन भावसार मंच पर उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने समिति के कार्यों की सराहना की और विगत 23 वर्षों में समिति ने निशुल्क परीक्षण शिविर लगाकर 57100 से अधिक रक्त परीक्षण किए, 325 ग्रामों , वार्ड स्थानों पर और प्रतिवर्ष हजारों को प्रेरणा देकर रक्तदान करने का कार्य के बारे में बताया। समिति स्थापना दिवस, रक्तदाताओं का सम्मान कार्यक्रम और परिवार मिलन कार्यक्रम, प्रतिवर्ष लगातार कर रही है। 25 वे वर्ष में रजत जयंती वर्ष पर विस्तार के कार्य पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में युवा साथियों की सहभागिता बढे इसके लिए नए सदस्यों की प्रवेश की योजना बनी। कार्यक्रम में गीत संगीत, कुछ बच्चों के खेल का आयोजन भी किया गया। जिसमें राजेश नेमा, इंदु लाड, ज्ञानचंद जैन, सोनू जैन, माही दुबे , सुनीता भावसार, रंजना ओसवाल, यामिनी दुबे ने सहभागिता की।

इस कार्यक्रम का प्रायोजक परवेज फजलानी परिवार था। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम का संचालन दिनेश तिवारी ,हरिओम भावसार, हरिनारायण शर्मा, मुकेश तिवारी, ओम प्रकाश मिश्रा, अनिल दुबे ने किया। इस कार्यक्रम में तीसरी बार विधायक बने हरि सिंह रघुवंशी का समिति के सभी सदस्यों द्वारा शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया और अतिथियों का सम्मान प्रमिला तिवारी, विद्या यादव, रिहाना फजलानी ने किया।

## पचमा बायपास मार्ग पर बंद रहेगा यातायात



**गंजबासौदा।** नगर के पचमा बायपास मार्ग पर हो रहे निर्माण कार्य को लेकर त्योंदा रोड से पचमा बाईपास रोड को 15 दिन के लिए डायवर्टेड किया गया है। उल्लेखनीय है कि पचमा बायपास मार्ग पर पाराशरी नदी के पुल और एप्रोच मार्ग पर सीसी कारण का निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है। इस कार्य को निर्बाध और शीघ्र पूरा करने के लिए इस मार्ग से वाहनों का आवागमन बंद किया गया है। जिसको लेकर लोगों एवं वाहन चालकों को असुविधा जरूर होगी लेकिन नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे इस सीसीकरण से रहवासियों एवं वाहन चालकों को बड़ी राहत मिलेगी।

# आरोग्य भारती की जिला बैठक में विभिन्न आयामों का गठन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आरोग्य भारती की जिला स्तरीय बैठक सिटी सेंटर योग केंद्र पर आयोजित की गई। मध्य भारत प्रांत सचिव ओमप्रकाश सोनी,विभाग संचालक विदिशा विभाग सुरेश देव, डॉ एस एस भार्गव, डॉ के के तिवारी द्वारा धनवंतरी पूजन एवं मां सरस्वती पूजन किया गया। तत्पश्चात डॉक्टर ओम प्रकाश सोनी द्वारा धनवंतरी स्तवन किया गया।

कार्यकर्ता परिचय उपरांत डॉ सोनी द्वारा आरोग्य भारती का परिचय एवं उद्देश्य जिसमें योग आयाम, स्कूल हेल्थ प्रोग्राम, पर्यावरण आयाम, औषधिय पौधारोपण एवं प्रचार प्रसार परिचय एवं लाभ, महिला आयाम अंतर्गत सुपोषण, स्वस्थ जीवन शैली, आहार विहार, घरेलू उपचार, नशा मुक्ति, गर्भाधान संस्कार एवं किशोरी बालिका आयाम तथा आरोग्य मित्र और आरोग्य मित्र प्रशिक्षण आदि के संदर्भ में अपने विचार विस्तार से सभी कार्यकर्ताओं के समक्ष रखे गए। वहीं आरोग्य भारती की अलग-अलग आयाम की टीम का गठन किया गया जिसमें योग आयाम के लिए संयोजक हरि किशोर श्रीवास्तव, सहसंयोजक कृष्ण चौरसिया, स्कूल हेल्थ प्रोग्राम के लिए संयोजक नीलेश चतुर्वेदी,सहसंयोजक जितेंद्र यादव, पर्यावरण आयाम के लिए संयोजक देवी सिंह रघुवंशी,सहसंयोजक पुरुषोत्तम शर्मा,औषधि पौध रोपण एवं प्रचार प्रसार परिचय एवं लाभ संयोजक स्वदेश मोहन तिवारी, सह संयोजक आलोक अमर, महिला आयाम संयोजक शकुन अग्रवाल, सहसंयोजक अनीता माहेश्वरी, किशोरी बालिका संयोजक संगम गोयल,आरोग्य मित्र प्रशिक्षण संयोजक डॉ राकेश दांगी, सहसंयोजक डॉ पवन शर्मा को अलग-अलग आयाम की जवाबदारी सौंपी गई।

कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र वर्मा ने किया। शांति पाठ जगदीश यादव ने किया। बैठक में उपस्थित सह संयोजक महेंद्रसिंह रघुवंशी, सुरेंद्र भारद्वाज, सुनीता भावसार, पुरुषोत्तम यादव, राजकुमार भावसार, बृजेश राजपूत,राजेंद्र पासी,अशोक राय शर्मा, प्रेम नारायण शर्मा, लोकेश सक्सेना, सीमा पासी, नित्या देवी वर्मा, आशा अग्रवाल, स्वाति दुबे, वैशाली ताम्रकार, ज्योति वर्मा,माधुरी ताम्रकार,सुदेश छाबड़ा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मयूर ने पाया कुश्ती में रजत पदक



**गंजबासौदा।** नगर के शैलेश तिवारी के पुत्र मयूर तिवारी ने उज्जैन में आयोजित स्टेट लेवल कुश्ती प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता में रजत पदक पाकर मयूर ने गंजबासौदा शहर का नाम रोशन किया है। उसकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, नागरिकों ने उसे बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# नल न आने से नागरिकों में मची भगदड़, पानी के लिए हुए परेशान

## सीएमओ बोले : व्यापारी व अन्य संगठनों से चर्चा कर नई योजना बनाई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

शहर में मंगलवार अधिकांष वार्डो में नलो में पानी नही आया। नागरिको को उम्मीद थी नगर पालिका द्वारा अनाउसमेंट के माध्यम से यह अवगत कराया जाएगा कि किस वार्ड में किस दिन पानी नही आएगा। यदि नगर पालिका द्वारा शहरवासियों के लिए पानी देने की समय सारणी घोषित कर दी जाती तो नागरिकों को पानी के लिए परेषान नही होना पडता। मंगलवार को सुबह से ही कई वार्डो में नल नही आने के कारण सार्वजनिक नलों पर नागरिकों की भीड देखने को मिली। नगर के कैथन डेम का जल स्तर कम होने से आने वाले जल संकट को देखते हुए नगर पालिका परिषद ने शहरवासियों को अल्ट्रानेट डे पानी देना का अनाउसमेन्ट कराया जा रहा है। जिससे की आने वाले समय में शहरवासियों का पानी की समस्या का समना न करना पडें।

विगत कई दिनों से नगर पालिका द्वारा लाउड स्पीकर के माध्यम से शहरवासियों को एक दिन छोडकर पानी देने का अनाउसमेंट किया जा रहा है। लेकिन नपा द्वारा शहरवासियों को किस दिन पानी नही दिया जाएगा इसकी जानकारी शहरवासियों को न होने से मंगलवार को कई वार्डो में पानी न आने से वार्डवासियो को पानी के लिए काफी मसक्कत करनी पडी।





### नपा को देना चाहिए था समय सारणी की सूचना

*शहर के नागरिक इस बात से सहमत है कि इस वर्ष बरसात कम होने से कैथन डेम का जल स्तर कम है और इन परिस्थितियों को देखते हुए नागरिको ने मन बना लिया है पानी सप्लाई को लेकर हम नपा का पूरा सहयोग करेगें। प्रषासन द्वारा अल्ट्रानेट डे पानी सप्लाई करने का जो निर्णय लिया गया है। उस निर्णय का जनमानस ने स्वागत किया है। लेकिन नगर पालिका द्वारा अल्ट्रानेट डे पानी देने के लिए पहले से ही प्लानिंग करनी चाहिए थी कि किस दिन किस वार्ड में पानी सप्लाई किया जाएगा और किस दिन पानी सप्लाई नही किया जाएगा। यदि पहले से ही नपा द्वारा पानी सप्लाई करने की समय सारणी तैयार कर और उस समय सारणी को अनाउमेंट व समाचार पत्रो,सोषल मीडिया के माध्यम से आम नागरिको को अवगत करा दिया होता तो पानी के लिए शहरवासियों को परेषानियो का सामना नही करना पड़ता। वही शहर के अधिकांष वार्डो में जब पानी नही आया तो नागरिकों ने कहा कि नगर पालिका को जब तक अल्ट्रानेट डे पानी की व्यवस्था बंद करना चाहिए जब तक कि नगर पालिका के पास स्वंय शहरवासियों को पानी सप्लाई करने के लिए समय सारणी तैयार न हो। यदि नपा द्वारा इस तरह बिना किसी सूचना के वार्ड में पानी की सप्लाई बंद की जाएगी तो नागरिकों को भारी परेषानियों का सामना करना पडेंगा।*

### बनाएंगे योजना

नपा द्वारा जो अल्ट्रानेट डे पानी देना की कार्ययोजना बनाई गई थी। उसे अभी बंद कर दिया गया है। अब नागरिकों को प्रतिदिन जल सप्लाई किया जाएगा और जल्द ही शहर के गणमान्य नागरिकों व्यापारी संगठनों से साथ बैठक कर शहर में पानी सप्लाई करने की कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

**राम प्रकाश साहू**
सीएमओ, नगरपालिका सिरोंज।

# अनदेखी से शहर की जीर्णशीर्ण हो रही पुरानी धरोहरें, जिम्मेदार भी बेखबर

## शहरवासियों को स्थानीय प्रशासन से उम्मीद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

छोटी सी ही वस्तु क्यों न हो, यदि तुम्हें अच्छी लगती है तो तुम उसे आगे तक के लिए संभाल कर रखते हो। नही चाहते कि तुम्हारी उस जरूरी वस्तु को कोई भी नुकसान पहुचाए। इसी तरह विदिषा जिले के षहर सिरोंज में भी सुन्दर और ऐतिहासिक महत्व वाली कई ऐसी इमारते हैं, जिनको संभाल कर रखना जरूरी है। नगरवासियों को उन इमारतों की जानकारी दे रहे है, जिन्हें पुरातत्व की सूची में दर्ज किया है, लेकिन उनकी देख रेख नही है। क्षेत्र में ऐसी कई जगह है जिन्हें देखकर यह यकीन नही होता कि उन्हें इंसान ने बनाया है। हैरत तब होती है, जब यह सोचते है कि उस समय तो आज की तरह मषीने और तकनीक भी नही थी। ये इमारतें न सिर्फ देखने में सुन्दर है, बल्कि हमें अपने देख और संस्कृति की जानकारी भी देती है। ऐसी ही ऐतिहासिक धरोहरों को बचा कर रखने के लिए क्षेत्र के जन प्रतिनिधि व आम जनता को जागरूक होने की जरूरत है।

प्राचीन पुरातात्विक अवशेष, पुराभिलेख आदि हमारे अतीत के गलियारों के सबसे विष्वसीय पथ-प्रदर्षक होते है। जिन्हें सहेज-संवारकर रखने के आवष्यकता है। इन प्राचीन धरोहरों में हमारी संस्कृति के अक्ष छिपे होते है जिनके माध्यम से हम अपने पूर्वजों की बौद्धिक उपलब्धियों तथा उनकी सोच, उनके रीति रिवाज एवं अन्य सामाजिक व्यवहारों की जानकारी प्राप्त होती है। यही कारण है कि पुरा संपदा को संरक्षित रखने के लिए पुरातत्व में षामिल किया जाता है। सिरोंज क्षेत्र की बात की जाए तो तस्वीर बहुत निराषा जनक दिखती है। यहां के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक धरोहर सरकारी उपेक्षा का षिकार होकर चौतरफा मार झेलते हुए अपने उद्धारक की बाट जोह रहे है। बात यहां के अलीगंज पहाड़ से षुरू करे तो इसकी गाथा बड़ी प्राचीन है। यही नही षहर में कई स्थानों पर बनी प्राचीन छत्रीयों का रहस्य अनोखा है। रावजी पथ की हवेली की दीवारों पर लगे पत्थरों की आकृतियों को देखकर लोग आष्चर्य चकित रह जाते है। वार्ड क्रमांक 14 में स्थित दिल्ली दरबाजा भी सिरोंज के इतिहास में बहु चर्चित है। नगर की कैथन नदी किनारे प्राचीन राम घाट व कार्तिक घाट की भी इतिहासिक गाथाएँ है।

### स्थानीय प्रशासन प्राचीन धरोहरों को कर सकता है संरक्षित

एसडीएम हर्षल चौधरी एंव नपा प्रभारी सीएमओ राम प्रकाष साहू,अन्य युवा अधिकारियों की जो टीम शहर के विकास कार्यो में तबाड तोड महनत कर एक अच्छा और सुंदर शहर बनाने का कार्य कर रही है। उससे सिरोंज के आम जनमानस की प्रशासन के प्रति शहर का सौदर्यकरण एंव विकास के प्रति एक उम्मीद जाग उठी है। शहर के नागरिकों को कहना है कि सिरोंज में जो प्राचीन भवन व इमारतें है। उन्हें प्रषासन संरक्षित कर उनकी मरम्मत कराकर अच्छी देखरेख करने के बाद यह स्थान शहर के दर्षनिक स्थल बन सकते है। यदि स्थानीय प्रषासन इस कार्य में रूची लेता है तो शहर के कई सामाजिक संगठन भी इस कार्य में आगें आकर सहयोग करने के लिए तैयार है।


### आज भी पहुंचते हैं सैंकड़ों लोग

शहर के पश्चिमि भाग में पहाड़ी पर बने इस महल को अलीगंज पहाड के नाम से जाना जाता है। आज भी इसे देखने के लिए सैंकड़ो लोग पहुंचते है। कहा जाता है कि राजा महाराजाओं के षासन काल में जब कोई एलान करना होता था, तब इसी पहाड़ी पर लगे ढोल को बजाकर सूचना दी जाती थी। आज वही ढोल नष्ट होने की कगार पर है। वही नगर के सिकंदपुरा में स्थित दिल्ली दरबाजे का भी इतिहास रहा है। जो कि इस समय पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसे सवारने के लिए न तो जनप्रतिनिधीयों का इस और ध्यान है और न ही स्थानीय प्रषासन को अधिकारियों का जिस कारण इन प्राचीन धरोहर नष्ट होती जा रही है।

### अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा प्रतिनिधि मंडल ने भोपाल पहुंचकर किया नवागत



**विदिशा।** अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का भोपाल पहुंचकर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से मोर्चा महामंत्री उमराव सिंह कुशवाह, उपाध्यक्ष पप्पू कुशवाह, नवीन दांगी, सोनू कुशवाह सहित अनेक लोग शामिल रहे।



## शोएब खान ने समर्थकों के साथ दिग्विजय सिंह से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एडवोकेट शोएब खान ने अपने समर्थकों के साथ भोपाल पहुचकर राजसभा सांसद पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बंगले पर पहुचकर मुलाकात कर सिरोंज लटेरी विधानसभा क्षेत्र की राजनीति गतिविधियों व आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विषेष चर्चा की। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने एडवोकेट शोएब खान को आष्वासन देते हुए कहा कि सिरोंज क्षेत्र के लिए कभी भी किसी काम की आवश्यकता पड़े तो मैं सिरोंज लटेरी विधानसभा क्षेत्रवासियों के साथ हमेशा खड़ा रहूंगा। इस मौके पर कमर हाफिज,सुजा,इकबाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## मंत्री बनने के बाद नरेन्द्र पटेल ने छींदधाम पहुंचकर की पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

25 दिसम्बर को मप्र सरकार में राज्यमंत्री के रूप में शपथग्रहण करने के बाद मंगलवार की शाम राज्यमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र शिवाजी पटैल का नगरागमन हुआ। इस दौरान सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मंत्री पटेल सबसे पहले छींद धाम हनुमान मंदिर पहुंचे। जहां हनुमान जी महाराज की विशेष पूजन, आरती की।

छींद धाम सेवक कृष्ण कुमार रघुवंशी ने मंत्री पटेल का आत्मीय स्वागत किया। भाजपा के चुनाव कार्यालय उदयपुरा नाके से सेकडो भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आतिशबाजी, बैंड, डीजे के साथ मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल की आभार रैली प्रारंभ हुई। काली मंदिर, संकट मोचन हनुमान मंदिर, खेरापति माता मंदिर, शक्तिधाम मंदिर, रामलीला मैदान स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में पहुंच कर मंत्री नरेन्द्र पटैल द्वारा विशेष पूजन, आरती की गई। इस अवसर पर मंदिरो की ओर से समितियों के पदाधिकारियों द्वारा राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल का स्वागत सम्मान किया गया।

### डेफोडिल्स स्कूल में मनाया गया वीर बाल दिवस

**बरेली।** नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल में गुरू गोविन्द सिंह के दौनों छोटे साहबजादे जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह की शहदात को वीर बाल दिवस के रूप में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न नृत्य, गीत, भाषण और नाटक प्रस्तुत कर वीर बाल दिवस को बहुपक्षीय ढंग से मनाया गया। कार्यक्रम में स्कूल के संचालक दिलीप धारीवाल, धर्मेन्द्र ठाकुर, मुकेश चौधरी, डॉ. आर.एस धाकड़, कौशलेन्द्र रघुवंशी एवं प्रधानाचार्य द्वारा गुरू गोविन्द सिंह के चारो साहिबजादो के चित्रों पर पुष्पांजली अर्पित की गई। प्राचार्य सर्वेश्वर पाठक ने सतातन धर्म की रक्षा में सिख गुरूओं के त्याग बलिदान और अंतिम गुरू गोविन्द सिंह के पूरे परिवार के बलिदान का विस्तार से वर्णन कर अपने धर्म सिद्धांतो पर अडग रहने की सीख लेने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने नृत्य, नाटक, गीत, कविता पाठ, सामूहिक नृत्य के माध्यम से वीर बालकों के बलिदान का स्मरण किया गया। इस अवसर पर श्रीमती सुखविन्दर कौर ने हृदय को छू लेने वाला कीर्तन प्रस्तुत किया। बच्चों के बलिदान से संबंधित प्रेरणादायक फिल्म चार साहिबजादे का भी प्रदशर्न किया।

## आमजन विश्वास रखें, योजनाएं चालू रहेंगी: विधायक मुकेश टंडन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुलाबगंज

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत सोजना एवं सुमेर बर्री में कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, आजीविका मिशन, कृषि विभाग, महिला बाल विकास आदि द्वारा स्टॉल भी लगाए गए। मुख्य अतिथियों ने लाभार्थियों को प्रधानमंत्री उज्वला योजना गैस कनेक्शन दिए। मंच पर भाजपा के जन प्रतिनिधियों ने केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण जनहितेशी योजनाओं की जानकारी दी। नवनिर्वाचित विधायक मुकेश टंडन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि देश की गरीब जनता तक योजनाओ का लाभ पहुंचे, हमारे बीच में मोदी की गारंटी का रथ आया है जो पूरे विधानसभा क्षेत्र में घूम रहा हैं केंद्र सरकार ने विगत वर्षों से जनता के हित में जो काम किए हैं इसी को लेकर देश भर में विकसित भारत यात्रा निकाली जा रही है। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान जिला पंचायत में सांसद प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी, जनपद में सांसद प्रतिनिधि बृजेश लोधी, जगदीश दांगी आदि मौजूद रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची बंजरिया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

जनपद ग्यारसपुर की ग्राम पंचायत बंजरिया , धौखेडा में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची जहां विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्राम पंचायत स्तर पर केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम में पात्र हितग्राहियों के आवेदन लिए जा रहे हैं । कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष राजेश यादव के द्वारा शासन की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई ।

यात्रा में विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं वहीं प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं । प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए पुरस्कार भी दिया जा रहा है । यात्रा में स्थानीय सरपंच गजराज सिंह लोधी, चुन्नीलाल लोधी, प्रताप सिंह रघुवंशी, राघवेंद्र शर्मा , गजराज सिंह लोधी ,शंकर सिंह, रघुवीर सिंह, राजपूत गिरवर सिंह राजपूत, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी महेश कुशवाहा नोडल अधिकारी नीलू जैन ग्राम पंचायत के सचिव रोजगार सहायक एवं विभागों के अधिकारी कर्मचारी और मुख्यमंत्री जन सेवक मित्र सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

**-जाहिर सूचना-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अर्जुन खटीक पुत्र श्री मदनलाल खटीक निवासी वार्ड नं. 19, लोहा मील रोड़, गंजबासौदा, जिला विदिशा म.प्र. द्वारा मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा से लोन प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है उनके द्वारा उक्त मकान का क्षेत्रफल 600 वर्गफिट स्थित वार्ड नं. 21, महावीर स्वामी वार्ड के लोहामील रोड़ एरिया, गंज बासौदा जिला विदिशा म.प्र. उक्त भूखण्ड / मकान जिसकी चतुर्थ सीमाएं इस प्रकार पूर्व में लोहामील रोड पश्चिम में सरकारी क्वार्टर, उत्तर में लहिका बी का मकान, दक्षिण में जाइज मंसूरी का मकान है उक्त भूखण्ड/ मकान वर्तमान में नगर पालिका गंज बासौदा में 1. श्री अर्जुन खटीक पुत्र श्री मदनलाल खटीक निवासी वार्ड नं. 19, लोहा मील रोड़, गंजबासौदा, जिला विदिशा म.प्र. 2. श्रीमति अर्चना खटीक पत्नि श्री अर्जुन खटीक निवासी वार्ड नं. 19, लक्ष्मी पार्क के पास गंजबासौदा जिला विदिशा म.प्र. के नाम दर्ज है उक्त संपत्ति पर उनके द्वारा मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा में आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं उक्त मकान/ भूखण्ड पर किसी व्यक्ति या संस्था का किसी प्रकार का हक या आपत्ति हो तो वह उक्त सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय स्थित क्रांति चौक होमगार्ड ऑफिस के पीछे विदिशा जिला विदिशा म.प्र. में आकर आपत्ति दर्ज करायें ऐसा ना करने की दशा मैं मेरा पक्षकार कम्पनी उक्त सम्पत्ति पर लोन प्रदान करने अग्रसर होगी समयावधि के बाद किसी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

**भवदीय आशीष श्रीवास्तव एडवोकेट**
**क्रांति चौक होमगार्ड ऑफिस के पीछे**
**विदिशा, जिला विदिशा (म.प्र.)**

### जोहद में ग्रामीणों ने विधायक के सामने रखीं कई समस्याएं

## ग्राम सभाओं का आयोजन कर आदिवासियों की समस्याओं का किया जाए निराकरण: विद्यायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विकसित भारत संकल्प यात्रा में विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जोहद में विधायक सूर्य प्रकाश मीणा ने पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया। शमशाबाद विधायक सूर्य प्रकाश मीणा ने कार्यक्रम में शपथ दिलाई गई। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा की संकल्प यात्रा के दौरान केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना तथा लाभ देना है। विधायक मीणा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि देश की गरीब जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। केंद्र सरकार ने विगत वर्षों से जनता के हित में जो काम किए हैं इसी को लेकर देश भर में विकसित यात्रा निकाली जा रही है।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए। वहीं शासकीय कन्या हाई स्कूल की छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक शानदार स्तुतियां दी गईं। जिनकी सभी ने सराहना की।

दीक्षित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ज्योत के ग्राम विलास चक्र के आदिवासी ग्रामीण जन समस्याओं को लेकर विधायक के पास आए। विधायक द्वारा एसडीम को निर्देश दिए गए कि जल्द ही जोहद ग्राम में ग्राम सभा का आयोजन कर आदिवासी भाइयों की जो भी समस्याएं हैं उनको प्राथमिकता से हल किया जाए। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत स्वास्थ्य विभाग अजीविका मिशन कृषि विभाग महिला बाल विकास विभाग राजस्व विभाग आदि द्वारा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टाल भी लगाए गए। ग्राम जोहद के सरपंच चुन्नीलाल पंथी एवं इंदर सिंह राजपूत ने स्मृति चिन्ह भेंट कर विधायक मीणा का स्वागत किया। इस अवसर पर एसडीएम अजय पटेल मंडल अध्यक्ष सचिन तिवारी, रामकृष्ण मीणा, शैलेंद्र ठाकुर, राजकुमार शुक्ला, अरुण रघुवंशी, अरुण रघुवंशी, संग्राम रघुवंशी, शैलेंद्र रघुवंशी, निरंजन सिंह रघुवंशी, प्रेम सिंह राजपूत, दशरथ सिंह राजपूत, संतोष मराठा, प्रदीप रघुवंशी, संदीप गुर्जर, कमोद सिंह लोधी सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।




### विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची

**हैदरगढ़।** ग्राम पंचायत मडिया जामन और हैदरगढ़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। जहां पर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनप्रतिनिधि एवं शासकीय कर्मचारियों के द्वारा दी गई। कार्यक्रम में विभाग के स्टॉल लगाए गए। जिनके माध्यम से ग्राम पंचायत के ग्राम वासियों को शासन की योजनाओं से अवगत कराया गया। आवेदन लिए गए। कार्यक्रम में के द्वारा सरस्वती माता की पूजा करने के बाद कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के एवं स्थानीय ग्राम वासी मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, सिरोंज जिला विदिशा (म.प्र.)**

क्रमांक/लो.नि.वि./2022/2508 — सिरोंज, दिनांक 15.12.2023

**ई-टेंडर आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु आनलाईन निविदाओं का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र का मूल्य | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2023_UAD _319960 | 75 HP MOTER VT PUMP MANTINATION AND REPAIR WORK AT NEW INTAKE WELL SIRONJ | 9,90,0000 | 10,000 | 2000 | 06 माह |

शर्त - टेंडर डाक्यूमेंट के आधार पर निर्धारित सभी कर एवं शासन द्वारा निर्धारित जी.एस.टी. कटौत्रा किया जावेगा।
निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड करने एवं निविदा से सम्बंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी आनलाईन एमपी-टेण्डर की वेवसाईट-एवं नगर पालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा के निर्माण शाखा से प्राप्त कर सकते है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद सिरोंज**

# घने कोहरे के आगोश में डूबा 'रायसेन शहर'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में बीते दो दिनों से सुबह के समय घना कोहरा छा रहा है, जिससे वाहनों को चालकों को सामने के वाहन दूर से दिखाई नहीं दे रहे है जिस कारण हादसों का डर चालकों को सता रहा है। वहीं मंगलवार को सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी 100 मीटर रह गई। मौसम जानकारों के अनुसार 29 दिसंबर से पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो जाएगा। इसके सक्रिय रहने की वजह से 30 दिसंबर से 4 जनवरी तक बारिश होने के साथ ओले भी गिरने की संभावना बनी हुई है।

मौसम में बार-बार आ रहे बदलाव के कारण दिन और रात के तापमान में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। हालांकि दो दिनों से दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी हुई है। रात का न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री के आस पास चल रहा है और दिन का अधिकतम तापमान 27 डिग्री रहा।

**तापमान**

**9.6** सेल्सियस पर रात का पारा

**26.8** सेल्सियस पर दिन का पारा

**11** किमी प्रतिघंटा हवा की गति

## बस चालक बस लेकर हुआ फरार, हाइवे-18 पर आए दिन हो रहे हादसे

# भूसा लेकर जा रहे ट्रैक्टर-ट्राली को यात्री बस ने मारी टक्कर, सड़क पर पलटी भरी ट्राली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

मंगलवार को विदिशा से भूसा भरकर भोपाल जा रही ट्रैक्टर ट्राली को भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे 18 सलामतपुर के रेलवे ओवर ब्रिज के पास एक बस ने टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर का अगला पहिया टूट गया और भूसे से भरी ट्राली रोड पर पलट गई। हालांकि इस हादसे में ट्रैक्टर पर सवार लोगों को चोट तो नहीं आई है। वहीं बस चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया है। इस मार्ग पर आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। जिम्मेदार एमपीआरडीसी विभाग को स्टेट हाइवे 18 को चार लाईन करना चाहिए, जिससे की आये दिन हो रहे सड़क हादसों में कमी आ सके।

भोपाल विदिशा नेशनल हाइवे 146 और स्टेट हाइवे 18 पर सड़क हादसे रुकने का नाम ही नही ले रहे हैं। इन रोज़ होने वाले हादसों की वजह से ही अब इस सड़क को खूनी सड़क भी कहा जाने लगा है। वहीं सलामतपुर, सांची, दीवानगंज व बालमपुर, बेरखेड़ी चौराहा क्षेत्र के लोगों ने इस भी इस सड़क को 4 लाइन करने की मांग शासन प्रशासन से की है। गौरतलब है कि एनएच 146 और स्टेट हाइवे 18 पर एक वर्ष में लगभग सौ सड़क हादसे हो चुके हैं। जिसमें पच्चीस से ऊपर लोगों की मौत भी हो चुकी है। सलामतपुर, सांची व सूखी सेवनिया पुलिस भी रोज़ हो रही इन दुर्घटनाओं की वजह से काफी परेशान है। क्योंकि थाने में पुलिस बल काफी कम है और सड़क हादसों में पुलिस बल भेजने के बाद थाने में पुलिस बल कम पड़ जाता है। जिससे थाने आए फरियादियों को परेशानी का सामना भी करना पड़ता है। स्थानीय ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से स्टेट हाइवे 18 को फ़ोर लाइन करने की मांग की है।



**हाईवे-18 व 146 को फोर लाइन किया जाए तो कम हो सकते हैं हादसे**

नेशनल हाइवे 146 और स्टेट हाइवे 18 पर यातायात का अत्यधिक दवाब रहता है। जिसकी वजह से भी दुर्घटनाएं हो रही हैं। यहां पर सुरक्षा की दृष्टि से कोई भी संकेतक बोर्ड नही लगाए हैं। इसीलिए यहां पर आए दिन हादसे बढ़ रहे हैं। इस सड़क को शीघ्र ही 4 लाईन किया जाए। लोग तो अब इस सड़क को खूनी सड़क भी कहने लगे हैं।

**रघुवीर मीणा**, सरपंच ग्रा.पं. रातातलाई।

### ट्रक ने कार को मारी टक्कर कार सवार 4 लोग हुए घायल



**रायसेन।** ने कोहरे के कारण दो दिन में दो सड़क हादसे हो गए। सोमवार रात एक कार को ट्रक ने टक्कर मार दी इस घटना में कार सवार चार लोगों को मामूली चोट लगी है। जबकि कार पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। बता दें कि शहर में सुबह से ही घना कोहरा छाया हुआ था, जिसके कारण भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर सामने से आ रही बस को बचाने के चक्कर एक ट्रक पलट गया। हालांकि ट्रक चालक और क्लीनर को चोटे नहीं लगी है। इसी स्थान पर बीती रात गंजबासौदा से इंदौर एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे। परिवार की कार को घने कोहरे के कारण एक ट्रक ने साइड से जोरदार टक्कर मार दी यह तो गनीमत रही की कार में सवार चार लोग बाल बाल बचे गए। रोड पर जाम की स्थिति बन गई। दीवानगंज पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्रेन की मदद से कार को साइड में करवाया।

## लाखों खर्च हो रहा है रखरखाव पर...

# भंडार गृह में कितना सुरक्षित है अनाज ?

◆ जांच और निरीक्षण के नाम पर लीपा पोती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

रायसेन जिले की ब्रांच वेयर हाउस भंडार गृह में व्यवस्था के नाम पर भारी गोलमाल हो रहा है। वेयरहाउस प्रभारी बाड़ी को कमाई का जरिया मानते हैं। यहां पर भंडार गृह में किया जाने वाला भंडारण गेहूं एवं अन्य सामग्री के रखरखाव पर लाखों रुपए की फर्जी बिल बनाए जा रहे हैं। सवाल उठता है कि रखी गई सामग्री की मात्रा का मिलान किया जाए तो भारी भरकम अनाज भंडार गृह में कम मात्रा में पाया जाएगा। आदान-प्रदान की परिभाषा में भंडार गृह से दी जाने वाली सामग्री और भंडार गृह में आने वाली सामग्री के जो बिल दिए जाते हैं, जिन्हें पावती कहा जाता है उसमें अधिकारी गोलमाल करते हैं। खरीदी केंद्र से वेयरहाउस आने वाला अनाज कचरा क्यों हो जाता है, जबकि केंद्र पर खरीदा गया अनाज सोना है और वेयरहाउस उनसे यह सोना पीला क्यों हो जाता है।

वेयरहाउस प्रभारी सुरक्षा के नाम पर और वेयरहाउस रखरखाव के नाम पर भारी भरकम राशि का दुरुपयोग कर रहे हैं। अब सवाल उठता है वेयरहाउस कॉरपोरेशन ने सभी वेयरहाउस में इस्थाई कर्मचारी की भारी भरकम नियुक्ति की है अब इस नियुक्ति के पीछे बताया जाता है कि सुरक्षा रखरखाव और निगरानी के नाम पर लोगों को रखा गया है लेकिन सवाल उठता है निगरानी निरीक्षण करने के नाम पर कर्मचारियों का शोषण हो रहा है उन्हें कम से कम वेतन देकर अधिक काम लिया जा रहा है।

**शौचालय निर्माण व्यवस्था है या फिर कुछ और...**


*वेयरहाउस कॉरपोरेशन पूरे जिले में शौचालय निर्माण का ठेका भोपाल एमडी वेयर हाउस कॉरपोरेशन से रायसेन जिले की अनेक ब्रांच में शौचालय निर्माण का ठेका दिया है। लेकिन व्यवस्थित शौचालय की जगह नए शौचालय निर्माण के पीछे अधिकारियों की मंशा क्या है। क्या शौचालय निर्माण व्यवस्था है या धन कमाने का जरिया। अब जिस गुणवत्ता से शौचालय बनाए जा रहे हैं उस पर बड़ा सवाल हो रहे है। शौचालय निर्माण की लागत और जमीनी हकीकत देखने में यह प्रतीत होता है कि यह कमीशन का गोरख धंधा है। यदि शौचालय गुणवत्ता और कार्य आदेश का मिलान किया जाए तो जमीनी स्तर पर भारी गोलमाल के संकेत मिलेंगे। रायसेन जिले की वेयरहाउस और बाड़ी ब्रांच के अंतर्गत वेयरहाउस में सामग्री सुरक्षा रखरखाव पर भारी मात्रा में फर्जी बिल लगाकर लाखों की राशि निकाली जा रही है। सुरक्षा एवं रखरखाव पर भारी भरकम मजदूरों के नाम पर फर्जी वाला हो रहा है। यानी वेयरहाउस प्रभारी रातोंरात लखपति बन रहे हैं और वेयरहाउस कॉरपोरेशन के अधिकारी मिल रहे कमीशन के खेल में मस्त हैं।*

# चिकलोद मार्ग पर दो बच्चे समेत दिखाई दी मादा टाईगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

चिकलोद मार्ग ग्राम परसौरा के पास राहगीरों को गुजरते समय एक नाले किनारे झाड़ियों में एक टाइगर बैठा नजर आया। टाइगर को देखकर लोगों ने अपने मोबाइल के कैमरे में फोटो कैद कर लिया। इसके साथ ही इसकी सूचना वन विभाग को दी।

वन विभाग के अधिकारियों की माने तो यह मादा टाइगर है। इसके साथ दो बच्चे भी हैं। यह बच्चों को सैफ जगह पर शिफ्ट कर रही है। रोड से गुजर रहे राहगीरों ने बताया कि उन्हें झाड़ियां में कुछ नजर आया तो उन्होंने अपने मोबाइल से इस मादा टाइगर को कैद कर लिया। पूर्व वन



परिक्षेत्र के रेंजर प्रवेश पाटीदार ने बताया कि वीडियो सामने आने के बाद मौके पर टीम सहित पहुंचे थे, जिस जगह पर मादा टाइगर दिखाई दी है। उस जगह पर मादा टाइगर के साथ उसके दो बच्चों के पग पार्क भी मिले हैं। ग्रामीणों को सूचित कर दिया है कि किसी को टाइगर दिखाई दे तो वन विभाग को सूचित करें।

## एडीएम दुबे ने रामसखी बाई को प्रदान किया विधवा पेंशन स्वीकृति पत्र

# कलेक्टर के निर्देश पर रामसखी की हफ्तेभर में स्वीकृत हुई विधवा पेंशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

बेगमगंज जनपद की ग्राम पंचायत केशलोन निवासी रामसखी बाई पत्नी स्व. हरीराम को अब विधवा पेंशन स्वीकृति पत्र पाकर खुश है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे द्वारा श्रीमती रामसखी बाई को विधवा पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।

रामसखी बाई ने गत मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर अरविंद दुबे को विधवा पेंशन स्वीकृति करने संबंधी आवेदन देते हुए बताया था कि उनके पति का देहांत हो गया है




तथा उनके पास आय का कोई साधन नहीं है। जिस कारण जीवन यापन में बहुत कठिनाई हो रही है। कलेक्टर ने जनसुनवाई में सामाजिक न्याय विभाग के प्रशासनिक अधिकारी बृजेन्द्र शर्मा को रामसखी बाई के दस्तावेजों का परीक्षण कर विधवा पेंशन प्रमाण पत्र बनवाने तथा पात्रतानुसार पेंशन स्वीकृति के निर्देश दिए थे। जिनके परिपालन में एक सप्ताह के भीतर ही आवश्यक कार्यवाही करते हुए श्रीमती रामसखी बाई का विधवा पेंशन प्रमाण पत्र बन गया तथा पेंशन स्वीकृति भी मिल गई। उन्हें आगामी माह से विधवा पेंशन सहायता राशि मिलने लगेगी, जिससे वह बेहद खुश हैं।

रामसखी बाई ने कलेक्टर तथा प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि पेंशन स्वीकृत होने से उनकी जीवन यापन की समस्या दूर हो गई और उन्हें अन्य योजनाओं का भी लाभ मिलने लगेगा।

### अखिल भारतीय दशनाम गोस्वामी समाज के तत्वावधान में धूमधाम से मनाई गुरु दत्तात्रेय जयंती

**बेगमगंज।** अखिल भारतीय दशनाम गोस्वामी समाज के तत्वधान में उमरहारी गांव स्थित जीवित समाधी स्थल से गांव के मुख्य मार्गों में धर्म ध्वजा, भजन मंडली, कलश, गाजेबाजे के साथ संतों एवं सर्व समाज के सदस्यों ने भगवान गुरु दत्तात्रेय की झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली।

दैनिक हवन, पूजन, अनुष्ठान के बाद दिन में करीब एक बजे भक्तों ने जीवित सामधी स्थल से भगवान दत्तात्रेय के जयकारों के साथ शोभायात्रा की शुरुआत की। जो हनुमान मंदिर, माता मंदिर सहित मुख्य मार्गो में ढोल-नगाड़ों दलदल घोड़ी, घोड़ों का नाच के साथ झांकी निकाली गई। संतों एवं भगवान के भक्तों ने भगवान दत्तात्रेय के जयकारों के साथ गांव का भ्रमण किया।

# भगवान श्रीराम से गले मिलकर रो पड़े भरत, चित्रकूट में जाकर हुई सप्रेम भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

श्री रामलीला महोत्सव के चलते मंगलवार को को रामलीला मैदान में श्रीराम भरत मिलाप प्रसंग की आकर्षक मैदानी लीला का मंचन स्थानीय कलाकारों द्वारा किया गया। प्रस्तुत की गई लीला के अनुसार भगवान राम लक्ष्मण सीता चित्रकूट पहुंचते हैं इसी दौरान उनकी भेंट भाई भारत से होती है इस समय की लीला का वर्णन नहीं किया जा सकता जिस समय भगवान राम से भरत से गले मिल रहे थे तो उनके आंखों से प्रेम के आंसू वह पड़े और भगवान राम से भरत बार-बार यही विनय करते हैं कि भैया आप तो वापस चलो आपके बगैर मुझे भी अच्छा नहीं लग रहा।

परंतु भगवान राम भरत से कहते हैं कि मैं माता कैकई की आज्ञा अनुसार वन आया हूं, तुम अयोध्या लौट जाओं। इस तरह से इस मार्ग में एक लीला को देखने के लिए रामलीला मैदान में बड़ी संख्या में दर्शकों की भीड़ नजर आई।



**खरदूषण वध व सूर्पनखा संवाद आज**

*श्री रामलीला मेले में मेले में बुधवार को आयोजन समिति के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार खरदूषण वध एवं सूर्फनखा संवाद की लीला का मंचन कलाकारों द्वारा रोचक पूर्ण ढंग से किया जाएगा। इस प्रसंग की आकर्षक लीला रहेगी।*

## गुरु का आशीर्वाद प्राप्त व्यक्ति ही ग्रंथ विराजमान कर पाता है

# प्रभावना चल समारोह निकाल वेदी पर किए ग्रंथ विराजमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

चैत्यालयजी में निर्मित स्वर्ण युक्त वेदी पर श्रीमद् तारण तरण मंडलाचार्य महाराज के द्वारा विरचित ग्रंथो को प्रभावना पूर्वक रखना प्रत्येक व्यक्ति के लिए संभव नही हो पाता है। वो ही व्यक्ति बेदीजी पर ग्रंथ विराजमान कर पाता है जो सात्विक हो जिसे गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त हो। यह उद्गार सोमवार को तारण तरण जैन चैत्यालय में बाल ब्रम्हाचारी शांतानंद महाराज ने समाजजनो के बीच व्यक्त किए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

श्रीमद् जिन तारण तरण मडलाचार्य महाराज के द्वारा लिखित ग्रंथो को चैत्यालय में निर्मित स्वर्ण युक्त वेदी पर विराजमान किए जाने को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। नवीन वेदी पर ग्रंथो को विराजमान किए जाने को लेकर समाज द्वारा अपनाई गई तय प्रक्रिया में सहभगिता की तथा चिन्हित हुए। तय प्रक्रिया के तहत चिन्हित हुए परिवारो के द्वारा नवीन वेदी पर ग्रंथो को विराजमन किया गया। बाल ब्रम्हाचारी शांतानंद महाराज के द्वारा प्रभावना पूर्वक मंत्रो का उच्चारण किया तथा समाजजनो ने ग्रंथो को नवीन वेदी पर स्थापित किया।



**इन्होंने किए नवीन वेदीजी पर ग्रंथ विराजमान**

*प्रभावना चल समारोह के चैत्यालयजी पहुचनें के पश्चात मत्रोच्चार के बीच धर्मेंद्र कुमार कुमार, प्रमेंद्र कुमार जैन नेताजी परिवार, जयहिंद कुमार प्रशांत कुमार जैन, छवीलचंद्र, मदन मस्त, समकित शास्त्री, सुमित कुमार जैन, नीरज कुमार, पंकज कुमार जैन के द्वारा परिवार सहित श्रद्धा पूर्वक स्वर्ण युक्त नवीन वेदीजी पर ग्रंथो को विराजमान किया।*

**निकाला प्रभावना चल समारोह**

*इस मौके पर नगर में एक प्रभावना चल समारोह निकला गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। प्रभावना चल समारोह 3 परिवारो के निवास पर पहुंचा, यहां से समाजजन 3 ग्रंथो को श्रद्धा पूर्वक उठाए जयकारा लगाते हुए जैन चैत्यालय पहुंचे। चल समारोह में शामिल समाजजन नाचंते गाते जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। केसारिया ध्वज फहलाते हुए युवा बज रहे ढोल पर नृत्य कर रहे थे। यहां पर बधाई गीत भी गाए गए। प्रभावना चल समारोह मे शामिल किए गए ग्रंथो की नगर में अनेक स्थानो पर श्रद्धालुओ के द्वारा आरती उतारी जाकर नमन किया गया। प्रभावना चल समारोह के चैत्यालय पहुचने पर ग्रंथो को वेदीजी पर विराजमान किए जाने के पष्चात मंदिर विधि, आरती व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम संपन्न किया गय। चैत्यालय में समापन अवसर पर तारण तरण जैन समाज के अध्यक्ष सवाई सेठ जयबाबू जैन ने कार्यक्रम में सहभागिता करने पर समाजजनो का आभार माना।*